प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in


31 दिसंबर 2020

# 2020-21 की दूसरी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

आज भारतीय रिज़र्व बैंक ने 10 प्रमुख नगरों (अहमदाबाद, बेंगलूरु, चेन्नै, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्ची, कोलकाता,लखनऊ और मुंबई) के आवास पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन आंकड़ों के आधार पर 2020-21 की दूसरी तिमाही के लिए आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[1] (आधारः 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और नगर-वारस्तर की समय-श्रृंखला एचपीआई आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics > RealSector > Price&Wages > Quarterly) पर उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु:**

- अखिल भारतीय एचपीआई में वार्षिक वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) मध्यम रही: यह पिछली तिमाही में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि और एक वर्ष पहले 3.3 प्रतिशत की तुलना में 2020-21 की दूसरी तिमाही में 1.1 प्रतिशत पर स्थिर रहा। एचपीआई वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) शहरों में व्यापक रूप से भिन्न है जिसमें 9.0 प्रतिशत की वृद्धि (अहमदाबाद) से लेकर (-) 5.5 प्रतिशत का संकुचन (दिल्ली) है।
- 2020-21 की दूसरी तिमाही में अखिल भारतीय एचपीआई क्रमिक आधार पर (तिमाही -दर-तिमाही) (-)1.1 प्रतिशत संकुचित हुआ; प्रमुख शहरों में से, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई में एचपीआई में क्रमिक गिरावट दर्ज की गई, जबकि मुंबई में आवास की कीमतें अपने पिछली तिमाही के स्तर के आसपास बनी रहीं।




**(योगेश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/866**

[1] सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में संकलित। एचपीआई के संकलन की पद्धति कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अक्टूबर 2014 के अंक में प्रकाशित आलेख आवास मूल्य सूचकांकः 2010-11 से 2013-14" (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx) पर देखें।